an>

Title: Need to check alleged irregularities in construction of irrigation canals in districts of Eastern Uttar Pradesh.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) ः पूर्वांचल के बस्ती सहित कई जिलों में सिंचाई के लिए नहरों का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर अरबों रूपये खर्च किए जा चुके हैं किन्तु अभी तक अधिकांश नहरें अधूरी पड़ी हैं, जो नहरें पूरी भी हो गई हैं उनमें भी पानी नहीं है। अरबों रूपये खर्च करने के बाद भी ये नहरें बेकार सिद्ध हो रही हैं। कथित अनियमितता का आलम यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती स्थित बिक्रमजोत धुंसवा बांध यूपी-28 परियोजना, जो केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत सम्मिलित है, में वित्तीय वर्ष 2012-13 से अब तक कई करोड़ रूपए अवमुक्त हुआ जिसमें भारी वित्तीय अनियमितता की गई है। यही हाल अन्य जिलों का भी है। उ.प्र. का पूर्वांचल क्षेत्र अत्यधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के साथ-साथ किसानों और फसलों की दृष्टि से संवेदनशील भी है। किंतु जिम्मेदारों की उपेक्षा के कारण यही स्थिति वर्षों से चली आ रही है। अतः मैं केंद्र सरकार से यह मांग करता हूँ कि उक्त प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए तत्काल प्रभाव से कोई ठोस कदम उठायें जिससे इस प्रकार से अनियमितता पर रोक लग सके।